वोट चोरी का विरोध

कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, पुतला फूंका

पुरानी कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के बाद केन्द्र सरकार का पुतला जलाया

नवभारत न्यूज

मुरैना, 12 अगस्त । वोटर लिस्ट में हेराफेरी कर वोट चोरी किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को शहर में पुरानी कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद केन्द्र की भाजपा सरकार का पुतला भी जलाया।

कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, शहर जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार की शाम 4 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता पुरानी कलेक्ट्रेट के सामने एकत्रित हुए। जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर वोट चोरी कर लोकतंत्र में सेंध लगाए जाने के आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि वोट चोरी के आरोपों को लेकर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली में चुनाव आयोग तक पैदल मार्च निकाला जा रहा था। जिसे पुलिस ने जबरन रास्ते में रोक लिया और विपक्षी दलों के नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। जो केन्द्र सरकार की दमनकारी नीतियों का परिचायक है।

प्रदर्शन करने के बाद कांग्रेस नेताओं ने केन्द्र सरकार का पुतला भी जलाया। इस अवसर पर जसवीर सिंह गुर्जर, अशोक भदौरिया, राजेन्द्र यादव, हरीश पाठक, जितेन्द्र डंगस, लोकेन्द्र यादव, रामहेत पिप्पल, सोनू जौनवार, रिंकू पचौरी, गजेन्द्र सिंधी, उमाचरण कटारे, अब्दुल रज्जाक पटेल, प्रदीप रजक, मंजू सिकरवार, रामू टुंडेलकर, दिनेश गोयल, नरेश यादव, रमेश अर्गल, राकेश गर्ग, हरीराम पचौरिया, राकेश डण्डौतिया, गौरव चतुर्वेदी, महेन्द्र माहेश्वरी, प्रमोद परमार, ममता कुशवाह, मनीष पिप्पल, जगन्नाथ कुशवाह, राजेन्द्र सिंह तोमर, नरेश यादव, बैजनाथ पिप्पल, सागर सैमिल, बंगाली बाबू, दीपक सोलंकी आदि शामिल थे।

ननि ने टाउन हॉल में बनाया तिरंगा झंडा विक्रय केन्द्र

नवभारत न्यूज

मुरैना, 12 अगस्त । प्रदेशभर में 2 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं हर घर पर तिरंगा फहराए, इसके लिए प्रयास किए जा रहे है। आमजन को तिरंगा झंडा सुलभता से और बाजिव दरों पर उपलब्ध हो सके। इसके लिए नगर निगम मुरैना द्वारा शहर की जीवाजीगंज स्थित टाउन हॉल में तिरंगा झंडा विक्रय केन्द्र स्थापित किया गया है।

इस केन्द्र से नागरिकों को महज 20 रूपये कीमत में तिरंगा झंडा उपलब्ध कराया जा रहा है। महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी एवं नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे ने नगरवासियों से 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने घरों सहित प्रतिष्ठानों पर तिरंगा झंडा फहराने की अपील की है।

भाजपा के मुंगावली मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

नवभारत न्यूज

मुरैना, 12 अगस्त । भाजपा के मुंगावली मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा केएस मिल चौराहा स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा से प्रारंभ हुई। जिसके बाद नगर निगम क्षेत्र के पांच वार्डों से गुजरते हुए न्यू हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित बिस्मिल चौराहे पर पहुंचीं। जहां शहीद पं. बिस्मिल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ यात्रा का समापन हुआ।

नगर निगम के पांच वार्डों से होकर गुजरी, केएस चौराहे से हुआ शुभारंभ

इस तिरंगा यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र तिवारी, युवा भाजपा नेता राहुल ऐंदल सिंह कंषाना, सुमावली विस प्रभारी बृजकिशोर डण्डौतिया, मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा, अशोक यादव, उमा राजपूत, राजेश सिकरवार, पार्षद राजकुमार कुशवाह, आनंद मरैया, जितेन्द्र पाठक, सूरज पाराशर, सूर्या बघेल, बारेलाल राजपूत, आकाश लिखवार, बृजपाल जाटव, सुनील बाजौरिया, राजवीर मेवदा, भूपेन्द्र गुर्जर, रामू प्रजापति, बबलू सरपंच, भोलू गुर्जर, टिंकू डण्डौतिया, आनंद रजक, कालीचरण राठौर, मुकेश, महेश कुशवाह, निक्की रजक, सोनू, संदीप रजक, शुभम नागर आदि शामिल हुए।

रामपाल क्षत्रिय महासभा के कैलारस ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत

नवभारत न्यूज

मुरैना/कैलारस, 12 अगस्त । अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन मंगलवार को कस्बा कैलारस में समाजसेवी एलएस भर्रा के घर हुआ। इस बैठक में आगामी 14 अगस्त को सरसैनी मंदिर पर होने वाली महासभा की बैठक की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में महासभा के जिलाध्यक्ष सतेन्द्र सिंह सिकरवार ने गस्तौली गांव निवासी रामपाल जादौन को महासभा का कैलारस ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किए जाने की घोषणा की।

मंगलवार को संपन्न हुई बैठक में महासभा के पदाधिकारियों ने चर्चा उपरांत समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने का संकल्प लिया। बैठक में जिलाध्यक्ष श्री सिकरवार ने कहा कि समाज में शिक्षा के स्तर को बढ़ाना और आपसी भाईचारे को कायम रखना महासभा का उद्देश्य है।

क्षत्रिय महासभा की बैठक में जिलाध्यक्ष ने की घोषणा

बैठक में जबर सिंह सिकरवार कुकरौली, जनक सिंह सिकरवार, डॉ. आशाराम कुशवाह, बंटी रावत, अशोक राणावत, मोहन तोमर, अशोक सिंह, सेठी परमार, बल्लू सिकरवार, छोटे भर्रा, अजय जादौन, पुत्तू परमार, रवि सिकरवार, शैलेन्द्र जादौन, गुड्डुआ तोमर, अभिषेक सिंह, सोनू सिकरवार, गोलू सिकरवार, पिंटू शर्मा, भानुप्रताप जादौन, लला जादौन आदि उपस्थित थे। बैठक में जिलाध्यक्ष सतेन्द्र सिकरवार का पदाधिकारियों ने पुष्पहार पहनाकर और शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया।

घर के पास शराब पीने से रोकने पर किए हवाई फायर

मुरैना, 12 अगस्त । कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गापुरी कॉलोनी में मंगलवार को घर के सामने शराब पीने से मना करने पर आधा दर्जन बदमाशों ने अवैध हथियारों से ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग कर डाली। जानकारी के अनुसार दानिश खान 17 पुत्र शकील खान नि. कपूरा भट्टा के पास दुर्गापुरी कॉलोनी के घर के पास मंगलवार की दोपहर इमरान अपने साथियों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। दानिश ने उन लोगों से उसके घर के पास शराब न पीने को कहा। जिसके बाद वे सभी वहां से चले गए। कुछ देर बाद बाइकों पर सवार होकर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने दानिश खान के घर के बाहर ताबड़तोड़ कई राउण्ड हवाई फायरिंग की। जिससे उसका जीवन संकट में पड़ गया। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचीं, तब तक युवक भाग चुके थे। पुलिस ने घटनास्थल से कारतूसों के खाली खोखे बरामद किए है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

स्वतंत्रता दिवस पर भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

सबलगढ़, 12 अगस्त । हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी सबलगढ़ नगर मंडल द्वारा नगर में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई उक्त तिरंगा यात्रा नगर के वीटीआई स्कूल में स्थित शहीद श्रद्धेय यशवीर सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रारंभ हुई और शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए क्लब घर स्थित शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित कर समापन हुआ यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती सरला विजेंद्र रावत जी रही यात्रा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अवधेश गोयल ने की यात्रा में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र मरैया पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजब सिंह सिकरवार नगरपालिका अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ जिला कोषाध्यक्ष बसंत बंसल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन सोनी नगर मंडल महामंत्री पवन सिंह राठौर अरविंद सिंह जादौन नगरपालिका उपाध्यक्ष मनोज प्रताप जादौन जिला पंचायत सदस्य राहुल धाकड़ पार्षद मोहन पचौरी राकेश शिवहरे कुलदीप शर्मा पदम सिंह जादौन भगवती वर्मा महेंद्र प्रताप जादौन खलील मोहमद् सुनील शर्मा भरत शर्मा अरविंद मंगल मिलिंद वर्मा नितिन सोनी प्रदीप वित्तल सुनील कुशवाह रामप्रताप जादौन सौरव सिकरवार दीपक जादौन संतोष बाथम अनिल मुदगल शिवराज कुशवाह बसंत धाकड़ रवि उपाध्याय राजपाल धाकड़ सूरज खान अजय शर्मा शिवप्रताप जादौन प्रकाश जादौन सहित भारतीय जनता पार्टी के समस्त वरिष्ठ नेता शहर के गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

जौरा नगर के विकास की योजनाओं को प्राथमिकता देंगे

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा, 12 अगस्त । नगरपालिका परिषद जौरा के अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने बीते रोज ग्वालियर प्रवास पर आए प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने मंत्री विजयवर्गीय को जौरा नगर के विकास से जुड़ी योजनाओं के बारे में बताया और विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट उन्हें सौंपी। जिसे लेकर मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि जौरा नगर के विकास से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

नगरीय विकास मंत्री ने नपाध्यक्ष अखिल माहेश्वरी को दिलाया भरोसा

नपाध्यक्ष श्री माहेश्वरी ने नगरीय विकास मंत्री का ग्वालियर प्रवास के दौरान आशुतोष माहेश्वरी के निवास पर स्वागत किया। मुलाकात के दौरान उन्होंने मंत्री श्री विजयवर्गीय को संकरी गलियों में होने वाली आगजनी की घटनाओं पर जल्द काबू पाने के लिए मिनी फायर ब्रिगेड, चेन माउंटेड मिनी एक्सकेक्टर उपलब्ध कराए जाने, जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान के लिए विभिन्न वार्डों में सीसी नाला निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों के लिए अनुदान उपलब्ध कराने, पेयजल की स्थाई आपूर्ति के लिए पगारा डैम से इंटकवैल के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने की मांग मंत्री विजयवर्गीय से की। इन योजनाओं के प्रोजेक्ट नपाध्यक्ष श्री माहेश्वरी ने मंत्री विजयवर्गीय को सौंपे। प्रस्तावों को सुनने और समझने के बाद मंत्री विजयवर्गीय ने भरोसा दिलाया कि जौरा नपा को विकास का संबल अवश्य मिलेगा। नगर के विकास से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता से पूरा कराया जाएगा।

तिरंगा झंडा भारत की संस्कृति का प्रतीक : माहेश्वरी

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा, 12 अगस्त । नगर पालिका परिषद जौरा के तत्वावधान में मंगलवार को जौरा नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा को अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने नपा दफ्तर से हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

नपा जौरा के तत्वावधान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

तिरंगा यात्रा कस्बे के पचबीघा, हनुमान चौराहा, सदर बाजार, तहसील चौराहा, चंद्रशेखर आजाद रोड, एमएस रोड, तिकोनिया पार्क से होकर पुन: नगरपालिका दफ्तर पहुंचीं। यात्रा के समापन मौके पर नपाध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा न केवल आजादी की गाथा है बल्कि यह हमारी संस्कृति का प्रतीक भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान पिछले 3 वर्ष से देशभक्ति जनसेवा की एक जन क्रांति बन चुका है। हर घर अभियान सभी देशवासियों के लिए प्रेम का परिचायक भी है। तिरंगा रैली में सीएमओ वीरेंद्र रावत, नीरज गौड़, अतुल शर्मा, अमर सिंह बाथम, विशंभर सिंह धाकड़, राहुल यादव, महेश त्यागी, महेश सविता, गब्बर सिंह, दीपक गोस्वामी, टीकाराम बाथम आदि उपस्थित थे।

किसान मित्र व दीदी को जल्द बहाल किया जाए

मांग को लेकर भारतीय किसान मित्र, दीदी मजदूर संघ की इकाई ने दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

मुरैना, 12 अगस्त । विगत 18 साल से विभागीय स्तर पर प्रत्यक्ष रूप से सेवाएं देने वाले किसान मित्र और दीदियों को उनके पदों पर फिर से बहाल किया जाए। इस मांग को लेकर भारतीय किसान मित्र, दीदी मजदूर संघ की जिला इकाई के बैनर तले मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर प्रतिज्ञा शर्मा को ज्ञापन दिया गया।

इस ज्ञापन में किसान मित्र और दीदियों की जल्द बहाली की मांग करते हुए संगठन की ओर से आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के प्रदेशाध्यक्ष बृजराज डण्डौतिया, जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, देवेन्द्र शर्मा, गबदालाल कर्ण, डॉ. राघवेन्द्र तोमर, श्रीमती सरिता कुशवाह, दिलीप पाठक, कोमल पिप्पल, बालकृष्ण कुशवाह, धनेश शर्मा, प्रमोद राजपूत, मुकेश धाकड़, उमाशंकर शर्मा, सुंदरपाल, राजेन्द्र कुशवाह, राजेश शर्मा, सोनेराम कुशवाह, गजेन्द्र कुशवाह आदि शामिल थे।

मांगों को लेकर ननि कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन, चेतावनी

20 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी

नवभारत न्यूज

मुरैना, 12 अगस्त । वेतन भुगतान, नियमितीकरण सहित 12 सूत्रीय मांगों को लेकर नगर निगम के कर्मचारियों ने मंगलवार को दफ्तर परिसर में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों की ओर से नगर पालिक निगम कर्मचारी एकता यूनियन सीटू के बैनर तले ननि आयुक्त के नाम ज्ञापन दिया गया। जिसमें 12 सूत्रीय मांगों का निराकरण न होने पर 20 अगस्त से अनिश्चितकाली हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी गई है।

ननि कर्मचारियों की मांगों में जुलाई-2025 के वेतन का जल्द भुगतान, प्रतिमाह समय पर वेतन दिए जाने, लंबित एरियर की राशि का भुगतान, जून-2023 से जून-2025 तक की जीपीएफ की राशि ब्याज के साथ जमा कराए जाने, इसी प्रकार अप्रैल-2024 से जून-2025 तक एनपीएस की राशि जमा कराए जाने, काटी गई ईपीएफ की राशि तत्काल जमा कराए जाने, सेवा से पृथक किए गए 32 संविदा कर्मचारियों को सेवा में बहाल किए जाने, पंचायतों के विलय होने के बाद नगर निगम में आए सचिवों का संविलियन किए जाने और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किए जाने की मांगें प्रमुख है।

जांच में बीज अमानक मिलने पर 10 फर्मों के लाईसेंस निलंबित

मुरैना, 12 अगस्त । कृषकों को उत्तम क्वालिटी को बीज प्राप्त हो। इसके लिए कलेक्टर के निर्देश पर उप संचालक कृषि के नेतृत्व में जिले की खाद, बीज दुकानों पर छापामार कार्यवाही कर नमूने लेने के निर्देश दिये गये थे।

अलग-अलग विकासखण्डों में खण्ड स्तर के अधिकारियों ने सेम्पलिंग की कार्यवाही की। उन्हें लैब भेजा गया, जिनमें से 10 फर्मो के बीज अमानक पाये गये। उप संचालक कृषि अनंत सड़ैया ने 10 फर्मो को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिनमें कैलारस के मैसर्स कैला मां खाद बीज भंडार, बालाजी बीज भंडार, पहाड़गढ़ के मैसर्स श्रीराम खाद बीज भंडार, जौरा के मैसर्स आशी बीज भंडार, अम्बाह के न्यू मुस्कान बीज भंडार, मैसर्स राधिका बीज भंडार, मैसर्स महाकाल कृषि सेवा केन्द्र, मैसर्स पचौरी बीज भंडार, मैसर्स रोहित खाद बीज भंडार और मैसर्स सौरभ खाद बीज भंडार शामिल है।

आम सूचना

श्रीमती उषा देवी पत्नी श्री सुभाष चंद के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित तपशी बाबा की गौशाला के पास, संजय कॉलोनी, ग्राम जौराखुर्द, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.31 (पुराना) एवं 36(नया) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.953 ग्राम लालौर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 500 वर्गफुट है और जिसकी चतुर्सीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-भूखण्ड उर्मिला तोमर, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-भूखण्ड दीगर एवं दक्षिण में-भूखण्ड राजेश सिंह तोमर है। उक्त सम्पति पूर्व में श्रीमती उषा बंसल पत्नी श्री राजेश बंसल द्वारा श्री सुभाष चंद बंसल पुत्र स्व. श्री श्यामबाबू बंसल को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 25792019ए1238541 दिनांक 05.04.2019 से विक्रय की गई। श्री सुभाष चंद बंसल का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्रीमती उषा देवी पत्नी श्री सुभाष चंद उनकी सम्पति की मालिक हुई एवं नगर पालिका निगम मुरैना में अपना नाम इंद्राज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। श्रीमती उषा देवी द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मुथूट होमफिन (इण्डिया) लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्री सुभाष चंद बंसल के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास, सिटी सेन्टर,
ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

एसडीएम ने ली हर घर तिरंगा अभियान की बैठक, आज निकलेगी यात्रा

नवभारत न्यूज

सबलगढ़, 12 अगस्त । मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा दिनांक 2 अगस्त से 11 अगस्त तक प्रदेश के समस्त ब्लॉक जनपद पंचायत नगर पालिका पुलिस थाना एवं सभी के नवीन भवन में ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारियों की मीटिंग रखी गई जिसमें सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कल दिनांक 13.8.2025 को दोपहर 1:00 बजे से सबलगढ़ से तिरंगा यात्रा निकल जाएगी जो शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज से चलकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए अटार पंचायत पर संपन्न होगी इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर मुरैना अंकित अस्ठाना रहेंगे इस यात्रा को लेकर सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से निभाने के लिए दायित्व सौपे इसके बाद एसडीएम द्वारा 15 अगस्त के होने वाले कार्यक्रम के स्थल पर तैयारी का भी जायजा लिया। कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकलने का अभियान चलाये जाने का आदेश दिया गया था उसके तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद माहौर द्वारा एसडीएम कार्यालय

जनसुनवाई : जिपं सीईओ ने 85 आवेदकों की सुनी समस्याएं

मुरैना, 12 अगस्त । जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई के दौरान 12 अगस्त को 85 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 07 आवेदन ऐसे पाये गये, जिनका निराकरण टीएल बैठक में संभव था। उन आवेदनों को एनआईसी के माध्यम से उत्तरा पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश कुमार द्वारा की गई। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

मुरैना पोस्ट ऑफिस में जल्द शुरू होगा पासपोर्ट दफ्तर

नवभारत न्यूज

मुरैना, 12 अगस्त । हैड पोस्ट ऑफिस मुरैना में पासपोर्ट दफ्तर का शुभारंभ जल्द ही होगा। इसके साथ ही पोस्ट ऑफिस कार्यालय में अन्य सुविधाओं का भी विस्तार किया जाएगा।

पूर्व विधायक कंषाना ने केन्द्रीय मंत्री सिंधिया से की थी मांग

पोस्ट ऑफिस में सुविधाओं के विस्तार और पासपोर्ट दफ्तर के शुरू करने की मांग को लेकर पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखा था। इस पत्र को लेकर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा पूर्व विधायक कंषाना को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है कि हैड पोस्ट ऑफिस मुरैना में पासपोर्ट दफ्तर के भवन का निर्माण सिविल विंग द्वारा जल्द ही आरंभ किया जाएगा। पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड बनाने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। डाक के आदान-प्रदान के अलग अलग मार्ग का अवलोकन करते हुए मेल मोटर प्रदान करने कार्य प्रगति पर है। बैंक और डाकघरों में नकद लाने और ले जाने के लिए उचित सुरक्षा नियमों और विभाग के नियमों का पालन किया जाता है। जनसेवा के लिए आइपीपीआरएस केंद्र चालू करवाएं जाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

विद्युत विभाग ने चेकिंग अभियान चलाया 27 केस दर्ज

सबलगढ़, 12 अगस्त । सबलगढ़ उपमहाप्रबंधक राजेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में प्रतिदिन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है आज चेकिंग अभियान के दौरान नगर के पिपरघान रोड बद्धपुरा पंजाबी बाग़ में चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें प्रबंधक राजीव शर्मा एवं सहायक प्रबंधक अनित पवार ने पंजाबी बाग, पिपरघान रोड पर चेकिंग के दौरान 27 उपभोक्ता चोरी करते पाए गए और कंपनी नियमानुसार धारा 135 के प्रकरण दर्ज किए गए राजीव शर्मा द्वारा उपभोक्ताओं से अपील की गई कि कंपनी नियमानुसार वैद्य कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करें। नगर में कुछ समय से विद्युत चोरी की शिकायतें निरंतर मिल रही थीं चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।